राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय

तृतीय तल, राजीव गाँधी विद्या भवन, शिक्षा संकुल परिसर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

दूरभाषः 0141. 2361116– 20 ईमेलः risujaipur@gmail.com वेब साईटः www.rajskills.edu.in

राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय व मणिपाल विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू

पेट्रोकैमिकल व कैमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्य करने की योजना

जयपुर, 03 जुलाई। राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय व मणिपाल विश्वविद्यालय के मध्य आज एमओयू किया गया जिसमें पेट्रोकैमिकल व कैमिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की योजना है। इस क्षेत्र में राजस्थान में युवाओं को अपार रोजगार मिलने की विस्तृत सम्भावनाएँ है।

राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार व मणिपाल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. जी.के. प्रभु की उपस्थिति में दोनों विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री देवेन्द्र शर्मा व प्रो. एच. रविशंकर कामत ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

मणिपाल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एमओयू के सादे व संक्षिप्त समारोह में कुलपति डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि बाड़मेर जिले के पचपदरा ग्राम में पेट्रोरिफाइनरी स्थापित की गई है व इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार मिलने की पूरी सम्भावनाएँ है। जिसके लिए राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्तर पर एमओयू कर पेट्रोकैमिकल क्षेत्र में कोर्सेस प्रारम्भ कर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस रिफाइनरी के पास राज्य सरकार ने राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय को 30 एकड़ जमीन आवंटित की है। जहाँ विश्वविद्यालय द्वारा ऊर्जा ग्राम विकसित किया जायेगा।

मणिपाल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट डॉ. जी.के. प्रभु ने कहा कि राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सेस रोजगारोन्मुखी है। मणिपाल विश्वविद्यालय भी रीसू से मिलकर पेट्रोकैमिकल व कैमिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष कार्य करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कौशल शिक्षा निदेशक प्रो. अशोक के. नगावत, वित्तीय सलाहकार श्री उम्मेद सिंह, परीक्षा

नियंत्रक श्री पी.एम. त्रिपाठी, सम्पदा निदेशक श्री वी.के. माथुर, माइनिंग इंजीनियरिंग स्किल्स डीन श्री दिलीप सक्सेना व मणिपाल विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रोफेसर मौजूद थे।

फोटो कैप्शनः– राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार व मणिपाल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट डॉ. जी.के. प्रभु एमओयू का आदान–प्रदान करते हुए।